# शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज....

## सावन के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने बाबा नीलकंठ का किया अभिषेक

**दौसा, (निसं)।** नीलकंठ महादेव मेले में सोमवार को श्रद्धालुओं का भारी जमावडा देखा गया। प्रातः 4.00 बजे से देर रात तक श्रद्धालु पहाड पर चढते रहे और जयकारों से देवगिरी गूंज उठी। किला सागर मैदान में वाहनों और दर्शनार्थियों की भीड को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कडी मेहनत करनी पडी। मेले में शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से बडी संख्या में लोग पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा नीलकंठ का अभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं मांगी, जबकि महिलाओं ने वन सोमवार का व्रत किया।

मौसम ने भी भक्तों का साथ दियाए और सावन की फु हारों के बीच लोग पहाड पर चढाई करते रहे। मंदिर के रास्ते में जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। किला सागर मैदान, पहाडी रैंप और मंदिर में पुलिस और मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं को भीड को नियंत्रित करने में काफी मेहनत करनी पडी। भीड को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेट्स लगाए गए और चौपहिया वाहनों को शहर के प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया गया। मार्ग में लोगों ने दर्शनार्थियों के लिए जलपान, शीतल पेय और फल वितरण की व्यवस्था की।

श्रीमाधोपुर में भक्तों ने शिवलिंग पर पंचामृत से अभिषेक किया।

इसी प्रकार **श्रीमाधोपुर** में – हाथों में जल का लोटा और पूजन की थाली, मन में आस्था, शिवालयों की ओर श्रद्धालुओं के बढते कदम, बम-बम भोले के जयघोष, दर्शन पूजन की मची होड..। ये नजारा था सावन के तीसरे सोमवार पर श्रीमाधोपुर कस्बे के शिवालयों का भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव मंदिर पहुंचे।

कस्बे के बीच चौपड़ बाजार में ऐतिहासिक पंचमुखी शिव मंदिर, नोलखा कोठी में स्फटिक शिव, ब्रह्मचारी आश्रम में पारद शिवलिंग की पूजा में अलसुबह से आस्था का सैलाब उमड़ा। वही हरिदास आश्रम, सोनी बगीची में स्थित शिव मंदिर,डीडीनाथ आश्रम, पोलदास ,ढाणी जयराम का वाली शिव मंदिर ,बस स्टैंड के पीछे पिपलेश्वर महादेव, गोपीनाथजी, रघुनाथजी, बावड़ी आश्रम व महावीर दल अखाड़े स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दूध, दही, घृत, मधु शर्करा, पंचामृत अभिषेक कर, वस्त्र धारण कराए केशर चंदन का तिलक कर बिल्वपत्र, मंदार पुष्प, अर्पित कर भोग लगाकर आरती दर्शन कर सुख शांति की कामना की। वही कावड़ियों ने भी जगह-जगह के तीर्थ स्थान से लाइव कर से जिला अभिषेक कर भगवान शंकर का अभिषेक किया गया।

वहीं **निवाई** में –

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को रक्तांचल पर्वत की तलहटी में स्थित शिवालय व श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर, कृषि मंडी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित शहर के अन्य शिवालयों में सहस्त्र घट के आयोजनों की धूम मची रही। श्रीगौरी शंकर महादेव मंदिर में आचार्य पं. अरविंद शास्त्री, कृषि मंडी

■ **निवाई में शिवालयों में सहस्त्र घट के आयोजनों की धूम मची**

स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में आचार्य रामकल्याण शर्मा झिलाय, मायला कुंड स्थित शिवालय में पंडित हनुमान शर्मा पराणा व बान्दरे वाले बालाजी मंदिर शिवालय में पंडित केदारप्रसाद शास्त्री के निर्देशन में अखंड सहस्त्र घट से भोले का अभिषेक किया गया।

इस अवसर पर पंडित नवरत्न शर्मा, अवधेश शर्मा, हनुमान शर्मा, गोविंद दाधीच व तुषार शर्मा के निर्देशन में यजमान एडवोकेट राजमुरारी कुर्मी, सत्यनारायण कुर्मी, अजय कुमार, गौरव कुर्मी व पायल पाटीदार सहित कई श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। आरती के पश्चात फूलों से श्रृंगार कर श्रद्धालुओं को प्रसादी जिमाई गई।

# विद्यार्थियों ने बाइक रैली निकालकर शहीद बाबूलाल को दी सलामी

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे के ग्राम पंचायत के खोरा पंचायत के हनुतपुरा निवासी अमर शहीद हवलदार बाबूलाल हरितवाल कि प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। ज्ञात रहे कि गत वर्ष शहीद हवलदार बाबूलाल हरितवाल जो कि ड्युटी के दौरान जम्मू कश्मीर के कुलगाँव में 34

■ **खोरा पंचायत के हनुतपुरा में शहीद हवलदार बाबूलाल हरितवाल कि प्रथम पुण्यतिथि मनाई**

आर आर 8 जाट रेजीमेंट भारती सैना में तैनात थे जो कि ड्युटी के दौरान जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के द्वारा किए गए हमले में आमने सामने से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से आज ही के दिन शहीद बाबुलाल वीरगति को प्राप्त हो गए थे। जिस को लेकर परिवार व ग्रामीणों द्वारा रविवार सुबह 8 से शहीद के सम्मान में शहीद राजेश कुमार जाट शहीद स्मारक सुराणा से डीजे के साथ भारत माता कि जय व शहीद बाबूलाल हरितवाल व शहीद राजेश कुमार जाट अमर रहे। के नारे लगाते हुए बाईक तिरंगा रैली रवाना हुई जो छारसा चौराहा व खोरा गांव के मुख्य बस स्टैंड से होते हुए शहीद स्मारक हनुतपुरा बस स्टैंड पहुंची। बाइक तिरंगा रैली के दौरान मौके पर स्थानीय विधालय कि छात्राओं द्वारा राष्ट्रीयगान के साथ शहीद हवलदार बाबूलाल हरितवाल को सलामी दी गई। इस दौरान शहीद स्मारक पर पहुंचे भाजपा प्रत्याशी रहे उपेन यादव ने शहीद के छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। और शहीद के पिता श्री गुल्लाराम हरितवाल, पत्नि कमलेश देवी, बड़े पुत्र विशाल 19 वर्ष, विशेष उम्र 16 वर्ष सहित पूरे परिवार को शहीद के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कर ढांढस बंधाया। इस दौरान मौके पर खोरा सरपंच ईश्वर चन्द जाट, राम सिंह, किशन लाल हरितवाल, प्रहलाद शर्मा, जगदीश बिड़ला, पूर्व सरपंच धूणीलाल, भैरू राम जाट सुल्तान, गंगा राम, रामचंद्र भैरू राम हरितवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



खोरा पंचायत में शहीद हवलदार बाबूलाल हरितवाल के चित्र पर विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि दी।

# अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया

**निवाई, (निसं)।** गुन्सी-श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का 53 वां अवतरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम की शुभारंभ नवल जैन अभिषेक जैन मंगल विहार जयपुर सपरिवार ने चित्राअनावरण दीप प्रज्ज्वलन व मंगलाचरण करके किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल ने गुरु माँ के समक्ष श्रीफल चढ ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान दूसरी ओर मन्दिर जी में शांतिनाथ प्रभु के सिर से अचानक जल की धार प्रारम्भ हो गई। जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। इस दौरान पूज्य माताजी के पीसी जैन झिलाय वाले सपरिवार ने पाद प्रक्षालन किया । शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य राजेन्द्र जैन बिलाला चाकसू परिवार को प्राप्त हुआ। वस्त्र भेंट शांतिलाल जैन नन्दपुरी जयपुर परिवार ने किए। संयम का उपकरण पिच्छी भेंट करने का सौभाग्य जितेंद्र जैन मालवीय नगर एवं कमंडल भेंट करने का सौभाग्य राजेन्द्र जैन बिलाला सपरिवार ने प्राप्त किया। अष्ट द्रव्य से

■ **सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ के शांतिनाथ प्रभु ने दिखलाया अतिशय**

गुरु माँ की पूजन का सौभाग्य सभी महिलाओं ने प्राप्त किया। समारोह के संयोजक महावीरप्रसाद पराणा ने बताया किचातुर्मास समिति का भी गठन किया गया। जिनमें अध्यक्ष सन्मति चँवरिया को बनाया गया। माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपना जन्मदिन या सालगिरह तो हर वर्ष बडे धूमधाम से मनाते हैं। पर सन्तों या भगवन्तों का जन्मदिवस इसलिए मनाया जाता है ताकि श्रावक को पुण्य का अर्जन हो। आज इस सुअवसर पर सभी अपनी एक बुराई का त्याग करें । उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु अण्डे, मांस, शराब, बीडी व- गुटखा आदि नशीले पदार्थो का आजीवन त्याग करें। साथ ही पशुओं को इन सबके कारण मारा-काटा जाता है उस पर रोक लगाई जा सकें। सायंकाल भक्तों ने 48 दीपकों के साथ भक्तामर महार्चना कर 530 दीपकों से गुरु माँ की संगीत व भक्तिमय आरती की।

## नाले की जमीन पर बनाया रास्ता, जयसमंद को जाने वाला पानी रुका

**अलवर, (निसं)।** अच्छी बारिश के बावजूद जयसमंद बांध में जलस्तर नहीं बढ पा रहा है। इसका मुख्य कारण यहां पानी पहुंचाने वाले स्त्रोतों पर कब्जा या बंद होना है। ऐसा ही एक मामला अलवर के ग्राम केसरपुर में प्राकृतिक नाले की जमीन का है। अच्छी बारिश के बावजूद जयसमंद बांध में जलस्तर नहीं बढ पा रहा है। इसका मुख्य कारण यहां पानी पहुंचाने वाले स्त्रोतों पर कब्जा या बंद होना है। ऐसा ही एक मामला अलवर के ग्राम केसरपुर में प्राकृतिक नाले की जमीन का है। इस जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा करके ग्रेवल सडक बना दी। जिसकी वजह से नाले के जरिए जयसमंद बांध तक जाने वाला पानी अटक गया है। इसे लेकर कई बार वन विभाग और जिला कलक्टर को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। खसरा नं. 36 की 4.15 हैक्टेयर जमीन जंगलात के नाम रिकॉर्ड में दर्ज है।

इस नाले के पीछे की तरफ अवैध प्लॉटिंग करने के बाद नाले की जमीन पर कब्जा करते हुए सडक का निर्माण किया गया। एक अप्रेल को भी मामले को लेकर कलक्टर के यहां शिकायत की गई थी। जमीन पर कब्जे को लेकर प्रशासन के पास शिकायत पहुंची तो एडीएम प्रथम ने उप वन संरक्षक को पत्र लिखकर इस कब्जे को नियमानुसार हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची भी, लेकिन विरोध के चलते वापस लौट गई। इसके बाद पिछले कई महीनों से मामला अटका हुआ है।

## मीरा बाई की मनाई जयंती

**निवाई, (निसं)।** विजयवर्गीय समाज की आराध्य एवं भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त मीरा बाई की जयंती विजयवर्गीय समाज के तत्वावधान में दादूदयाल गार्डन में मनाई गई। जयंती की शुरुआत समाज अध्यक्ष सहित समाज के लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने मीराबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। इस सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष प्रयाग विजयवर्गीय, महामंत्री गौरीशंकर भरथला, कोषाध्यक्ष शिवदयाल रामपुरा, सत्यनारायण मोदी, ओमप्रकाश विजय, रामकलयाण सिरोही, गिर्राज डडवाडी आदि मौजूद थे।

# 108 कुंडीय महायज्ञ में पूर्ण आहुति दी

**पावटा, (निसं)।** विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से बाबा बस्तीनाथ के सान्निध्य में पावटा कस्बा स्थित बालनाथ आश्रम बावडी में चल रहे वर्ष पर्यन्त 108 कुंडीय रूद्र महामृत्युंजय महायज्ञ में रविवार को 72 यज्ञों की श्रृंखला के 23वे महायज्ञ की पूर्ण आहुति विधि विधान व पूजा अर्चना करवाकर यज्ञ संरक्षक महंत बस्तीनाथ द्वारा सपन्न करवायी गई। यहां रविवार को दिनभर मेले जैसा माहौल रहा। वहीं आसपास के गांवों के पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाते हुए यज्ञशाला की परिक्रमा की। इस दौरान यज्ञ संरक्षक महंत बस्तीनाथ महाराज ने श्रद्धालु ओ व कार्यकर्ताओ को कहा कि परमात्मा हर जगह विद्यमान हैं लेकिन हम उन्हें देख नहीं सकते। हम केवल उनका अनुभव कर सकते हैं। देवता और परमात्मा भी मानव मात्र में शक्कर के समान घुले हुए है लेकिन हम उन्हें देख नहीं पाते। आधुनिक समय में निरंतर वातावरण दूषित होता जा रहा है, जिस कारण मानव जीवन पर संकट बना हुआ है। महामृत्युंजय यज्ञ करने से वातावरण को शुद्ध किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर में यज्ञ करना आवश्यक है, जिससे वातावरण अति शुद्ध होगा और मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा श्रावण मास मृत्युंजय नाथ महादेव का पवित्र मास है। व्यक्ति को महा मृत्युंजय यज्ञ करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। जो नित्य हवन करते हैं, उनके मन से विकार दूर हो जाते हैं और उनका चरित्र सर्वोत्तम एवं परम शुद्ध होता है।

## विद्यार्थियों ने रैली निकालकर पेड़ लगाये

श्योपुर गांव में विद्यार्थीयों ने परियोजना शिक्षा सप्ताह के अंतिम दिन कम्युनिटी इन्वॉल्वमेंट-डे मनाया।

**टोंक, (निसं)।** श्योपुर गाँव स्थित महात्मा गांधी राजकीय विधालय शाला प्रांगण में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना शिक्षा सप्ताह के अंतिम दिन कम्युनिटी इन्वॉल्वमेंट डे मनाया गया।

जिसके तहत समुदाय को विद्यालय से जोड़ने के लिए विद्यार्थियों की रैली निकाल कर पोस्टरों का प्रदर्शन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि मोहित टेलर और विशिष्ट अतिथि के रुप में यधुराज शर्मा, सुरेश महरवाल, डॉ. राकेश केदावत, भरतलाल अग्रवाल् रहे। विद्यालय परिवार ने सभी भामाशाह का माला एवं साफा पहनाकर ओमप्रकाश शर्मा, नरेन्द्र कुमार शर्मा, बिमलेश शर्मा आदि अध्यापकों ने स्वागत किया । संजनी शर्मा प्रिंसिपल ने सभी भामाशाह को प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया।विधालय के सभी बच्ची ओर बच्चो के लिए कृष्ण भोग एवं वृक्षारोपण और वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। इस समारोह के अन्त में राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम् भी प्रस्तुत किए गयें।

# मजदूरी नहीं मिलने से परेशान कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया

**जमवारामगढ़ /आमेर, (निसं)।** आमेर व जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र में राजस्थान जनता जल कर्मचारी संघ जयपुर के कर्मचारियों ने राजस्थान सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन आमेर कनिष्ठ अभियंता ऑफिस के सामने चालू कर दिया। इन कर्मचारियों को 27 से 28 साल हो गए जनता जल योजना में काम करते हुए और इनको न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती है और इनको काम परमानेंट कर्मचारियों के बराबर करवाते हैं। जैसे मोटर चलाना, सप्लाई खोलना, मरमत करना, सारी टूटी फूटी लाइनों को सही करना, इत्यादि लेकिन राजस्थान सरकार आज तक इनको

■ **मांगे पूरे नहीं होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी**

न्यूनतम मजदूरी का भुगतान भी नहीं कर रही है। राजस्थान में जनता जल कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन कई जगह पहले से चालू है और आज से राजस्थान जनता जल कर्मचारियों का धरना आमेर कनिष्ठ अभियंता ऑफिस के सामने चालू कर दिया गया है। जब तक हमारी मांगे पूरे नहीं होगी जब तक धरना प्रदर्शन चालू रहेगा, हमारी मांग निम्न प्रकार से हैं रात को कार्य नियमित किया जावे, और नियमित कार्य न हो जब तक समान काम का समान वेतन दिया जावे, और आज तक हमारे कर्मचारियों की कोई सुरक्षा की गारंटी नहीं है। इंश्योरेंस में जीपीएफ लागू किया जाए। कंपनी अधिनियम 1965 के तहत भारत सरकार में नियम है की 100 दिन से अधिक काम करने वालों का जीपीएफ और पीएफ दोनो की कटौती की जाती है लेकिन हमको 27 से 28 साल हो गए और सन 1994 से जनता जल योजना स्कीम चालू है और आज तक किसी का भी पीएफ और जीपीएफ नहीं कटता है। यह राजस्थान सरकार के लिए बहुत ही शर्म की बात है राजस्थान में सरकार द्वारा जनता जल कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। इसलिए आज से रामदेव, लालाराम, पूरणमल, रामनारायण, गोपाल सोनी, संतोष, नारायण मीणा, मोहन, ताराचंद, अजहरुद्दीन, गोवर्धन, इन सभी कर्मचारियों के अनुसार जब तक सारी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक सरकार के खिलाफ धरना जारी रहेगा।

राजस्थान जनता जल कर्मचारी संघ जयपुर के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया।

## सार-समाचार

### प्रतिभाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्री क्षत्रीय कुमावत समाज विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सम्मान समारोह कार्यक्रम में अजीतगढ़ परिक्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सभी प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, माला व दुपट्टा पहनाकर समिति ने सम्मानित किया। परिक्षेत्र के वरिष्ठ समाज नागरिकों का समाजोत्थान में उत्कृष्ट योगदान हेतु साफा पहनाकर माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि आशुतोष बेहरा एडीजे ने अपने उद्बोधन देते हुए बताया कि संगठित होकर के ही समाज का उत्थान हो सकता है। युवाओं को कठिन परिश्रम करना चाहिए व अपने लक्ष्य के लिए सजग रहते हुए अपने प्रयास निरंतर करने चाहिए। समारोह के विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी नारायण जलिंद्रा प्रधानाचार्य ने बताया कि युवाओं को रोजगार के लिए अपनी प्रतिभा, क्षमता पहचान कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरन्तर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशुतोष बेहरा एडीजे एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री सूंडाराम वर्मा कृषि वैज्ञानिक, मुरारीलाल जलिन्द्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एचआर एयू बैंक, लक्ष्मी नारायण जलिन्द्रा प्रिंसिपल, मनीष जलिन्द्रा रेंजर वन विभाग, मनीष तून्दवाल एईन, दीपक घोडेला मुख्य प्रबंधक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम श्रीमाधोपुर, विमल बारावाल डायरेक्टर डीएलएम आई हॉस्पिटल चौमूं, तनसुख कुमावत, पूर्व चेयरमैन नगरपालिका श्रीमाधोपुर आदि उपस्थित रहे। अतिथियों का माल्यार्पण कर दुपट्टा व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अजीतगढ़ नगरपालिका के सभी समाज बन्धुओं सहित समिति संरक्षक जगदीश प्रसाद जलिन्द्रा , रामकिशोर घोड़ेला, मदनलाल जलिन्द्रा, मदनलाल मारोठिया, भंवरलाल जलिन्द्रा, दुर्गाप्रसाद तूंदवाल, महादेव शोकिल, मुरलीधर मारवाल, बाबूलाल तूंदवाल, रामस्वरूप जलिन्द्रा, सहित, ओम प्रकाश कुमावत पार्षद, समिति पदाधिकारी कमलेश जलिन्द्रा अध्यक्ष, भवानीशंकर घोड़ेला उपाध्यक्ष, सांवरमल बासनीवाल सचिव, अशोक मारोठिया महामंत्री, हनुमानसहाय शोकिल कोषाध्यक्ष, अभिषेक मारोठिया सलाहकार विधि व प्रशासन, लक्ष्मी नारायण जलिन्द्रा संयोजक, बनवारीलाल शोकिल संगठन मंत्री, रामकरण मारवाल प्रचारमंत्री, विकास मारोठिया प्रचारमंत्री, झाबरमल तून्दवाल प्रचारमंत्री समेत समाज गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भक्तजनों ने कावड़ यात्रा निकाली

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के नगर पालिका मुख्यालय बौंली के श्री जागेश्वर महादेव मंदिर से लेकर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक भक्तजनों ने कावड़ यात्रा निकाली। कावड़ यात्रा श्री जागेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना करने के बाद डीजे की धूनों पर नाचते गाते श्रद्धालुओं के साथ प्रारंभ हुई एवं संस्कृत महाविद्यालय रोड होते हुए मुख्य बस स्टैंड, नगर पालिका चौराहे से होते हुए निवाई रोड से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां पर भक्तजनों ने कावड़ यात्रियों का स्वागत कर गुप्तेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की।

### सिंजारा पर्व आज, घरों में डाले झूले

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में मंगलवार को महिलाओं द्वारा सिंजारा पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके साथ ही बुधवार को तीज का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। जानकारी के अनुसार इस दिन महिलाएं व युवतियां अपने हाथों में मेहन्दी रचाती है। साथ ही सोलह श्रृंगार कर उद्यानों में जाकर बड़े वृक्षों पर झूले डालकर तीज त्यौहार के गीत गाते हुए झूले झूलती है। वहीं हलवाई नेमीचन्द प्रजापति ने बताया कि इस त्यौहार पर प्रसिद्ध मिठाई घेवर की बिक्री भारी मात्रा में होती है। इसके चलते क्षेत्र के लगभग सभी हलवाईयों द्वारा घेवर बनाये जाते है। वहीं जिन युवतियों की सगाई अथवा शादी हो चुकी है। उनके प्रथम वर्ष में उनके ससुराल पक्ष द्वारा सिंजारा भरा जाता है। इस दौरान सिंजारे में कन्याओं के ससुराल पक्ष की ओर से कन्याओं के लिए घेवर, फल फ्रूट, ज्वैलरी तथा लहरिया भेजा जाता है। इसके साथ ही क्षेत्र में बुधवार को नगर पालिका फुलेरा द्वारा गाजे-बाजे एवं शाही लवाजमे के साथ तीज की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### टोंक के खिलाडियों ने किया नाम रोशन

**टोंक, (निसं)।** राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला एक्यूपपेड़ पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप 2 अगस्त से 4 अगस्त तक चित्तौड़गढ़ में आयोजित हुआ। जिसमें टोंक के जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन अध्यक्ष अब्दुल गफूर शेरा, संघ कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार योगी ने बताया की मार्शल फिटनेस गैरेज मालपुरा जिम कोच राम अवतार सैनी, मनीष हरसल पवन सिंह सुमित बड़गुर्जर दिल खुश गुर्जर व नेशनल हेल्थ क्लब निवाई संघ उपाध्यक्ष राकेश शर्मा के शिष्य उत्सव सलोदीया रामा शंकर शर्मा, खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय चौंपियनशिप चित्तौडगढ़ मे सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। टोंक जिला पॉवर लिफ्टिंग संघ सह.सचिव सन्नी कुमार मांधिवाल मालपुरा ने बताया की इस अवसर पर राजस्थान पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन सचिव एवं इंडिया पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन प्च्थ् रेफरीयों ने नकवी को शील्ड देकर हार्दिक स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शिविर में फ्लोरोसिस की जांच की

**टोंक, (निसं)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत टोंक ग्रामीण उपखंड के ग्राम के डारडाहिन्द, ढ ाडा,, पालडी, व ब्लॉक पीपलु के ग्राम नानेर, जवाली, किशनपुरा, कैलाशपुरी, गाता इस्लामपुराके निवासियो एवं राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की फ्लोरोसिस की जांच की गई तथा इससे इस बिमारी से प्रभावित मरीजो को बचाव की जानकारी के साथ दवा उपलब्ध भी कराई गई। जिला फ्लोरोसिस सलाहकार डॉ पूनम गर्ग ने ग्रामीणों को तंबाकू, गुटखा, एवं फ्लोराइड युक्त पानी व अन्य खाघ पदार्थो से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया एवं भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई।

### सड़क पर पानी आया, आवागमन रुका

**निवाई/सिरस, (निसं)।** रेलवे स्टेशन से सिरस जाने वाली सडक पर बना बरसाती नाले का रपट से पानी का अधिक बहाव होने से सोमवार को आवागमन बंद रहा। रामजस मीणा, शिवचरण योगी व कैलाश प्रजापत ने बताया कि रविवार की रात तेज बरसात के बाद रपट पर पानी का बहाव अधिक हो गया। सोमवार को सुबह पानी अधिक बहाने से सिरस से जयपुर जाने वाली रोडवेज बस का संचालन भी बंद रहा। जिससे यात्रियों को बाहर जाने में समस्या बनी रही। रपट से पानी का अधिक बहाव होने से लोगों को बाहर जाने में दिक्कतों का सामना करना पडा। सोमवार की सुबह बाइक सवार कई लोग जान को खतरे में डालकर रपट से बहते पानी में होकर अपनी बाइको को निकलते देखे गए। ओमप्रकाश कुशवाहा मेहताबपुरा भी अपनी बाइक को जबरदस्ती निकलने लगा तो उसकी बाइक बहने लगी जिस पर रामजस मीणा, मनराज व मिनीत सहित कई लोगों ने भागकर बाइक व सवार को बहते हुए बचाया। रपट पर पुलिया नहीं बनने से बरसात के मौसम में सिरस का आवागमन बंद हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रपट पर पुलिया निर्माण करवाने की मांग की।

### भगवान शिव का दरबार सजाया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के शिव भक्तों द्वारा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देवयानी सरोवर से कांवड़ लाकर श्री अखाड़ा बालाजी परिसर के शिव मन्दिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। गौरतलब है कि इस दौरान पण्डित राजेन्द सिंवाल सानिध्य में भगवान शिव का दरबार सजाया गया। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए जलाभिषेक करवाया गया। इसके साथ ही सभी भक्तों ने बारी-बारी से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसी क्रम में भगवान शिव के प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों को भोजन प्रसादी वितरण किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए थर्मप्रेमी पवन नराणिया, हीरा लाल कुमावत, गुलाब चन्द कुमावत, वीरेन्द्र कुमावत, मनु सिंवाल, राजेश जांगिड़, नेमीचन्द कुमावत, देवेन्द्र कुमावत, घनश्याम शर्मा, दीपक भार्गव, जय कुमावत, किशन कुमावत, राजेन्द्र जांगिड़, चेतन कुमावत, रामप्रसाद जांगिड़, शंकर लाल आदि मौजूद थे।